an>

Title: Need to increase number of platforms at Muzaffarpur station and develop Narayanpur Anant station into a railway terminal in Bihar.

श्री अजय निषाद (मुज़फ़्फ़रपुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, हमारा संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर (बिहार) की व्यावसायिक राजधानी के रूप में जाना जाता है। लीची के लिए सुप्रसिद्ध मुजफ्फरपुर विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के लिए न केवल बिहार अपितु पूरे देश का आकर्षण का केन्द्र है। यहां से कई सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ियां देश के विभिन्न शहरों के लिए खुलती हैं, बावजूद इसके मुजफ्फरपुर रेलवे जंक्शन पर प्लेटफार्म की संख्या अपर्याप्त है, जिस कारण गाड़ियों के आगमन एवं प्रस्थान में काफी परेशानियों का सामना रेल प्रशासन को उठाना पड़ता है, साथ ही इसका खामियाजा यात्रियों को भी भुगतना पड़ता है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि मुजफ्फरपुर जंक्शन पर प्लेटफार्म की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ इसका आधुनिकीकरण किया जाए, साथ ही गाड़ियों एवं यात्रियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर मुजफ्फरपुर जंक्शन के पास ही हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रेल खंड पर स्थित रामदयालू नगर रेलवे स्टेशन एवं मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेल खंड पर स्थित नारायणपुर अनन्त स्टेशन को रेलवे टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाए। धन्यवाद। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: No posters are allowed.